राज्यपाल सचिवालय, बिहार

(जन–सम्पर्क शाखा)

राजभवन, पटना–800022

प्रेस–विज्ञप्ति

संख्या–151/2023

राज्यपाल ने राजभवन की त्रैमासिक पत्रिका 'राजभवन संवाद' का लोकार्पण किया

पटना, 28 अप्रैल, 2023 :– महामहिम राज्यपाल श्री राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने राजभवन के दरबार हॉल में राजभवन की त्रैमासिक पत्रिका 'राजभवन संवाद' का लोकार्पण किया।

इस अवसर पर राज्यपाल सचिवालय के पदाधिकारियों एवं कर्मियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि इस पत्रिका के जरिये राजभवन के कार्यकलापों और गतिविधियों की जानकारी आमजन तक पहुँचेगी तथा उनकी प्रतिक्रियाओं, अपेक्षाओं और सुझावों से भी हम अवगत हो सकेंगे। उन्होंने राजभवन को लोकभवन के रूप में कार्य करने पर जोर देते हुए कहा कि लोगों के साथ संवाद स्थापित करने में यह पत्रिका महती भूमिका निभा सकेगी।

'राजभवन संवाद' पत्रिका के बारे उन्होंने बताया कि इस पहले त्रैमासिक अंक में माह जनवरी से मार्च, 2023 तक की राजभवन की गतिविधियों, बिहार की विरासत, गौरव–पुरूष और लोकसंस्कृति पर आलेख तथा कुछ विश्वविद्यालयों की गतिविधियों को शामिल किया गया है। इस पत्रिका के लिए सामग्रियों का चयन करते समय इस बात का पूरा ध्यान रखा गया है कि यह लोकोपयोगी बन सके।

इस अवसर पर राज्यपाल के प्रधान सचिव श्री रॉबर्ट एल० चोंग्थू, 'राजभवन संवाद' त्रैमासिक पत्रिका के कार्यकारी संपादक श्री राकेश पाण्डेय तथा राज्यपाल सचिवालय के पदाधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित थे।

....